### एक नजर में

## गौ सेवक मैत्री पशु पालन डेयरी विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



**परासिया।** वेक्सिन एवं पशु संगणना का कार्य करने वाले युवकों ने मानदेय बढ़ाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में बताया कि हम गौ सेवक मैत्री पशु पालन डेयरी विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्य करते हैं ।हमें पशु विभाग की ओर से न कोई मानदेय दिया जाता है और न ही वेतन दिया जाता है ।हमसे प्रायवेट कर्मचारी मानकर पशु विभाग का एफ.एम. डी. वैक्सीनेशन पशु संगणना और बिल्ला लगाने का और कृतिम गर्भाधान कार्य करने का काम लिया जाता है ।एफ.एम.डी. वेक्सीनेशन करने पर एक पशु का 5 रुपये दिया जाता है और इसी तरह पशु संगणना का एक पशु पर लगभग 10रुपये दिया जाता है और यह भी पैसे दो साल बाद दिया जाता है। अभी 5वा और 6वा चरण का हमने 01 वर्ष पहले किया था, 04 माह से एप छिन्दवाड़ा में आकर पड़ा हुआ है जो हमे नही दिया जा रहा है।

## इक्कलबिहरी में जल मंदिर (प्याऊ) का निर्माण धूनी वाले दादाजी मंदिर प्रांगण में किया गया



**मोहखेड़।** जन अभियान परिषद के मुखीया एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मनसा स्वरूप जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण के आदेश अनुसार जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं ब्लॉक समन्वय भवानी कुमरे के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड मोहखेड़ के सेक्टर क्रमांक 04 ग्राम इकलबिरी में परामर्शदाता दिनेश नारेकर के द्वारा सेक्टर क्रमांक 04 में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्यासे कांटों की प्यास बुझाने जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ श्री दादाजी के हाथों से किया गया एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरीको की उपस्थिति में किया गया जिससे आने-जाने वाले राहगीरों,मंदिर में आने वाले भक्तों एवं ग्रामीणों को ठंडे जल की सुविधा उपलब्ध कराई गई। लोगों को जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई और जल का सद उपयोग कैसे करें इस बारे में लोगों को बताया गया द्य इस कार्यक्रम में एमएसडब्ल्यू के छात्र ग्रीष्मा चऊत्रे,मीना राजनकर,शशि बारंगे,मिनि मस्तकर,ज़ नारायण राजनकर जी, बीएसडब्ल्यू छात्रा पायल सोनुले धारे अम्मा,रियांशी चौधरी,भावेश वाडबूदे आदि उपस्थित रहे।

## नेशनल किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में नेहा मांडेकर ने जीता कांस्य पदक




**बिछुआ।** बिछुआ आदिवासी विकासखंड किक बॉक्सिंग की नेशनल चैम्पियनशिप में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नेहा मांडेकर (पिता हेमराज मांडेकर पत्रकार ) ने कांस्य पदक जीता। खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन चेन्नई में किया गया था। इसमें बिछुआ की नेहा मांडेकर एवं हिरदागढ़ की जयश्री यदुवंशी ने मध्य प्रदेश टीम से खेलते हुए शानदार खेल दिखाया। नेहा मांडेकर ने पॉइंट फाइट में सेमी फाइनल राउंड तक खेलकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्हें स्पोट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ स्पोट्स भारत सरकार की तरफ से स्कालरशिप भी प्रदान की जाएगी। दोनों खिलाडियों सहित कोच ओंकार मोहबे एवं श्याम दुपारे को मध्य प्रदेश कराटे प्रमुख राजेंद्र सिंह तोमर, डिस्ट्रिक्ट स्पोट्स कराटे एसोसिएशन के हनुमान तिवारी, रविन्द्र जायसवाल आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

## 5 कुंडीय यज्ञ में सम्मिलित हुए जनप्रतिनिधी




**परासिया।** परासिया विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत इकलहरा में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में परासिया विधायक सोहनलाल बाल्मीक , जनपद पंचायत परासिया उपाध्यक्ष जमील खान ने शामिल होकर आहुतियां दी ।गायत्री परिवार द्वारा आयोजित एक आध्यात्मिक अनुष्ठान है, जिसमें पाँच यज्ञ कुण्डों के माध्यम से गायत्री मंत्र की आहुतियां दी जाती हैं। यह कार्यक्रम,पर्यावरण शुद्धि एवं व्यक्तिगत चेतना के उन्नयन के लिए आयोजित किया जाता है।

**प्रदर्शन** | **मोहखेड़ ब्लॉक कांग्रेस ने बस स्टैंड पर दिया धरना, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

# कांग्रेस ने केन्द्र व राज्य की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बोला हल्ला

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 6 अप्रैल, मोहखेड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मोहखेड़ बस स्टैंड पर धरना दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण सरकार पर जमकर बरसे, उन्होंने नीतियों का खुलकर विरोध किया और समाज के हर वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाते हुए उनके निराकरण हेतु अविलम्ब ठोस कदम उठाने की मांग का ज्ञापन राज्यपाल के नाम तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को सौंपा। रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सम्पूर्ण मार्ग में भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।**

प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहखेड़ के तत्वावधान में आयोजित धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि भाजपा की सरकार के झूठ धीरे-धीरे ही सही किन्तु जनता के सामने आ रहे हैं। इस सरकार ने समाज के हर वर्ग को ठगा है। किसानों को मक्का उपज का समर्थन मूल्य नहीं दिया। युवाओं को रोजगार का वादा किया था वह आज तक पूरा नहीं हुआ, 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा झूठा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी के कार्यकाल में जनता कभी इतनी त्रस्त और परेशान नहीं रही जितनी आज है। उन्होंने कहा कि यह बात समझने वाली है कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ही नहीं बल्कि जिले की बिगड़ती हुई फिजा भी चिंता का विषय है।आयोजित धरना प्रदर्शन में उपस्थित कांग्रेसजन व आमजन को सम्बोधित करते हुए पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार गुमराह करने में माहिर है। जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही, लेकिन सरकार किसी और मुद्दे पर बात करेगी, क्योंकि यह सरकार मुख्य विषयों पर बात नहीं करती। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश और देश के हालात आप सभी के सामने हैं। बढ़ती हुई महंगाई से आर्थिक तंगी का शिकार हो रहे हैं।सौंसर विधायक विजय चौरे ने कहा कि भाजपा के लोग सत्ता के घमंड में है। खाद की कालाबाजारी से लेकर हर अवैध कारोबार में भाजपा के लोग शामिल है। इनकी कालाबाजारी के चलते जनता को कमी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा की सरकार और भाजपा के लोगों पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि इनकी जुबान हर पल में बदलती है। इनकी जुबान पर झूठ बसा हुआ है। जनता देख रही कि भाजपा के राज में भ्रष्टाचार, अपराध और कालाबाजारी चरम पर है। अपराध और अपराधी बेलगाम है।आयोजित धरना प्रदर्शन को मोहखेड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रघुवीर मोहने व किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया।



### धरना प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

आयोजित धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन में विजय गावंडे, गुलाब चौधरी, कमलाकर ठाकरे, पूनाराम चौरिया, अशोक फरकारे, लखीचंद पवार, अनिरूद्ध टेकड़े, फैय्याज खान, सूरज सोनघरे, रसीद खान, श्मीम खान, महेश बनवारी, पप्पू शर्मा, मिलिन घोघरे, माया इंगले, कैलाश डोंगरे, मनोज कड़वे व शैलेश भादे सहित कांग्रेस के समस्त विभाग, प्रकोष्ठ, मोर्चा संगठन व अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आठ सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

सहकारी समिति में ऋण जमा करने की तिथि 28 मार्च शासन द्वारा घोषित की गई है। वर्तमान में किसान भाई गेहूं की उपज का विक्रय नहीं कर पाए हैं। ऐसे में शून्य प्रतिशत योजना का लाभ किसान भाइयों को नहीं मिल पाएगा। इसीलिये ऋण जमा करने की तिथि को 15 मई तक बढ़ाया जाए। मप्र शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख को बार-बार बढ़ाया जा रहा है जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसीलिये 15 अप्रैल से गेहूं की खरीदी प्रारंभ की जाए और पंजीयन अनुसार खरीदी प्रारंभ करें। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाता है, चूंकि सरकार द्वारा टोकन सिस्टम लागू किया गया है। जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। खाद वितरण की व्यवस्था पूर्व अनुसार किया जाए। वर्तमान में रसोई गैस के दामों में की गई बढ़ोत्तरी को तत्काल वापिस लिया जाए। रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में की जाए। शादी विवाह के समारोह में आम लोगों को सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रही। भाजपा सरकार के द्वारा बिजली बिलों में की गई वृद्धि से आमजन का बजट बिगड़ रहा है। बिजली दरों को तत्काल कम करने हेतु निर्णय लिया जाए जिससे आमजन को राहत मिल सके। गेहूं उपज को 3000 रुपए प्रति क्विंटल के दाम से खरीदा जाए। महंगाई के चलते उपज पर लागत मूल्य बढ़ा है जिससे किसानों की प्रति हेक्टेयर पर गेहूं फसल की बोवनी से लेकर कटाई और पिसाई पर लागत मूल्य बढ़ा है इसे देखते हुए गेहूं की उपज को तीन हजार रुपए प्रति क्विंटल के दाम से खरीदा जाए।

# तामिया मोक्षधाम में मूर्ति स्थापना के लिए डाला गया लेआउट



**नवभारत न्यूज**
**तामिया, 6 अप्रैल, तामिया मोक्ष धाम मूर्ति स्थापना को लेकर आज शहर के वरिष्ठ जनों के मौजूदगी में लेआउट डाला गया जो 20 बाई 20 का निर्माण कर चालू कर दिया गया है रास्ते में तीन गेट लगाई जा रहे हैं बड़े ही हर्ष का विषय है कि आज मोक्षधाम विकास समिति तामिया के तत्वधान में प्रभु भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापित करने हेतु भूमि पूजन के साथ कार्य का शुभारंभ किया गया समस्त ग्रामवासी इस पुनीत कार्य में सहभागी है।**

सबसे अनुरोध है इस पावन कार्य मे सभी उत्साह बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर तन मन धन से अपना योगदान प्रदान करें। मोक्षधाम विकास समिति तामिया *स्थित श्मशान घाट को एक अत्याधुनिक मोक्ष धाम के रूप में विकसित करने का कार्य शुरू हो गया है, जहाँ महादेव की विशाल मूर्ति स्थापित की जाएगी। आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। मोक्ष धाम मूर्ति स्थापना कार्य की मुख्य बातें सबसे आधुनिक मोक्ष धाम होगा,

मुख्य आकर्षण- मोक्ष धाम के प्रवेश द्वार का नाम नामकरण किया जाएगा प्रवेश द्वार से ही मूर्ति का आकार दिखने लगेगा भगवान शंकर जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी।उत्सव समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ,सतीश मिश्रा ,गेंदालाल साहू ,बल्लू सोनी, राजेंद्र सिंह राजपूत ,यशवंत कौरव ,नितिन दत्ता,भूपेंद्र सिंह ठाकुर ,गोपाल साहू ,अनिल साहू ,विनोद साहू, राजा गुप्ता ,दिनेश मालवीय, हरभजन साह ,कुरेश डेरिहया ,महेंद्र गुड्डू साहू ,बंटी मिश्रा ,नीरज सोनी, राजेंद्र यादव, सोनू भलावी ,भोला बिल्डिंग अन्य लोग मौजूद थे

## लहगडुआ में जल मंदिर (प्याऊ) का हुआ शुभारंभ

**मोहखेड़।** ग्राम लहगडुआ में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। आज ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति-लहगडुआ एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र श्री भागचन्द साहू द्वारा श्री भोलेनाथ मंदिर के पास जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना की गई। इस पुनीत कार्य के लिए म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं ब्लॉक समन्वयक भवानीप्रसाद कुमरे की प्रेरणा महत्वपूर्ण रही। जल मंदिर के माध्यम से अब राहगीरों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी, जो समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर परामर्शदाता कैलाश सोनेवार ने उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। उन्होंने जनभागीदारी से स्थानीय तालाब की सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रबंधन तथा नरवाई प्रबंधन के लिए रोटावेटर या सुपर सीडर के उपयोग के सुझाव भी दिए।

# भाजपा ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस




**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 6 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस परासिया भाजपा कार्यालय में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष दविंदर बल्लू नागी, ज्योति डेहरिया, सज्जू तिवारी, हरिश्चंद्र अग्रवाल, महेश सोमकुनवर सिद्धार्थ मुखर्जी एवं रूपेंद्र डेहरिया , नरेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे।**

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास, विचारधारा एवं संगठन की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस के महत्व को बताते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान चांदामेटा, परासिया एवं न्यूटन क्षेत्र के नव निर्वाचित एवं नव नियुक्त माननीय मनोनीत पार्षदों का सम्मान पुष्पमाला पहनाकर एवं तिलक लगाकर किया गया। सभी पार्षदों का अभिनंदन करते हुए उनके उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## हिंगलाज मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन का लोकार्पण सम्पन्न



**परासिया।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सियाल घोघरी कोयला खदान ) की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत हिंगलाज मंदिर में निर्मित नवीन सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। यह भवन क्षेत्र के ग्रामीणों के सामुदायिक उपयोग—जैसे विवाह, सामाजिक कार्यक्रम, पारिवारिक आयोजन एवं अन्य अवसरों के लिए समर्पित किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधिवत पूजन कर भवन को जनसामान्य के उपयोग हेतु समर्पित किया गया। इस अवसर पर यूनिट हेड भूपेन्द्र सिंह चौधरी, माइन एजेंट मृत्युंजय कुमार, एचआर हेड अमित पाण्डेय, कमर्शियल हेड शारदा नन्दा तथा ष्टस्क्रटीम के सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही मंदिर समिति के सभी सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि सभी ग्रामीणों ने जनहितकारी कार्य के लिए बिरला धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गेंदालाल साहू बने साहू समाज के अध्यक्ष



**तामिया।** 12 सालों से निरंतर चले आ रहे साहु समाज तहसील अध्यक्ष पुन सर्व सहमति से तहसील स्तरीय अध्यक्ष गेंदालाल साहू- मंगल भवन तामिया में तेली (साहू) समाज द्वारा अध्यक्ष पद के सामाजिक संगठन ने बैठक आयोजित किया जिसमें तामिया तहसील अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से गेंदालाल साहू को पुन: तहसील स्तर पर साहू समाज अध्यक्ष चुना गया व्यापारी संगठन, समाज के सदस्यों, धार्मिक संस्था प्रबुद्धजनो ने बधाई देते हुएं शुभकामना प्रेषित की पुन: अध्यक्ष बनने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई : आधे घंटे में ढहाए शराब तस्कर के दो मकान

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 6 अप्रैल, शिवपुरी में जानलेवा हमले के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए उनके अवैध मकानों पर बुलडोजर चला दिया। रविवार को रावनवाड़ा थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी कंचन राजपूत की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई, जिसमें मात्र आधे घंटे के भीतर दो मकानों को जमींदोज कर दिया गया।**

दरअसल, 30 मार्च को अमित धुर्वे नामक युवक को कुछ आरोपी घर से उठाकर ले गए थे और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। बाद में उसे अधमरी हालत में घर के सामने फेंककर आरोपी फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से तीन को भोपाल से पकड़ा गया।मुख्य आरोपी नीलेश कैथवास पर शराब तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप हैं। पुलिस को जानकारी मिली थी कि आरोपी ने अवैध कब्जे वाले मकानों में शराब बिक्री और अनैतिक गतिविधियां संचालित कर रखी थीं।

### मुखबिरी के शक में किया था हमला

पुलिस के अनुसार, आरोपी को शक था कि अमित धुर्वे ने उसके अवैध धंधों की जानकारी पुलिस को दी है। इसी कारण उसे सबक सिखाने के लिए अपहरण कर मारपीट की गई।

### आरोपियों के सामने ढहाए मकान

पुलिस गिरफ्तार आरोपियों को मौके पर लेकर पहुंची और उनके सामने ही जेसीबी से मकानों को गिराया गया। इस कार्रवाई की सूचना पीड़ित परिवार को भी दी गई, जिसका बेटा फिलहाल अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज जारी है।

### क्षेत्र में पुलिस कार्रवाई की सराहना

इस सख्त कार्रवाई के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस का आभार जताया, वहीं क्षेत्रवासियों ने भी पुलिस की कार्रवाई की सराहना की।

# अलोक महिला फाउंडेशन का जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

**नवभारत न्यूज**
**चौरई, 6 अप्रैल, आलोक फाउंडेशन महिला इकाई ने जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन चौरई में करवाया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और आर्थिक सशक्तिकरण के मुद्दों पर चर्चा की गई। यह फाउंडेशन वंचित महिलाओं की सहायता के लिए भी कार्य करता है।**

इस प्रकार के आयोजन से समाज में महिलाओं की भूमिका को और भी मजबूत बनाया जा सकता है। आलोक फाउंडेशन वंचित महिलाओं, विशेषकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किया गया है ये कार्यक्रम व्यावसायिक प्रशिक्षण (सिलाई, ब्यूटीशियन), कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित हैं, ताकि महिलाओं कोआगेलेकर समाज में पुरुष वर्ग के साथ कंधे से कंधे मिलाकर सभी महुलाये चले रोजगार के अवसर मिल सकें। मुख्य कार्यक्रम और गतिविधियाँकौशल विकास प्रशिक्षणः सिलाई, टेलरिंग, और ब्यूटीशियन जैसे आय सृजन वाले कार्यों में प्रशिक्षण पर चर्चा हो सके है।महिला साक्षरता अभियानः विशेष रूप से पिछड़ी महिलाओं के लिए साक्षरता कार्यक्रम। एसएचजी निर्माणः महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 50 से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं।स्वास्थ्य और शिक्षाः ज़रूरतमंद बच्चों को किताबें, यूनिफॉर्म और स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना।सांस्कृतिक और विशेष कार्यक्रमकार्यक्रम में सांस्कृतिक छटा भी देखने को मिली। जिसमे मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके साथ ही नित्य सुंदरम और अन्य शिष्यों ने अपनी नृत्य कला से समारोह में चार चांद लगा दिए।साथसाथ मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समाज से महिला जन प्रतिनिधि का भी सम्मान किया गया ।आलोक फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य समाज की हाशिए पर पड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उनका सामाजिक और आर्थिक उत्थान करना है।

**सुंदरकांड** | **जबलपुर से पधारे श्रद्धालु मंडल द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुति**

# राम मंदिर में सुंदरकांड का हुआ भव्य आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 6 अप्रैल, जबलपुर से पधारे श्रद्धालु मंडल द्वारा आज नगर की हृदयस्थली स्थित श्रीराम मंदिर में भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत सुंदरकाण्ड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान करने हेतु महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंदन गिरि महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ, जिससे पूरे वातावरण में दिव्यता और आस्था का अद्भुत संचार हुआ।**



कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुई, जिसके पश्चात जबलपुर से आए मंडल के सदस्यों ने एक स्वर में सुंदरकाण्ड का सुमधुर पाठ प्रारंभ किया। पूरे मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों की गूंज सुनाई दी, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भक्ति रस में सराबोर इस आयोजन में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और सभी ने श्रद्धा भाव से पाठ का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंदन गिरि जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में सुंदरकाण्ड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका नियमित पाठ जीवन की कठिनाइयों को दूर कर मानसिक शांति और आत्मबल प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि सुंदरकाण्ड केवल एक धार्मिक पाठ ही नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी है। आयोजन के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, भक्ति और उत्साह का अद्वितीय संगम देखने को मिला, जिससे मंदिर परिसर पूर्णतः भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया।